प्रेस नोट थाना उरुवा बाजार जनपद गोरखपुर दिनांक 01.02.2025

लूट का अपराध कारित करने के आरोप में 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार व 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। कब्जे से लूट का 6320 रुपया व घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा लूट के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष उरूवा बाजार विकास नाथ मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 11/2025 धारा 61(2), 309(6) भा0न्या0सं0 से संबंधित अभियुक्तगण 1. आकाश गुप्ता 2. बबलू कुमार को लूट के 6320 रुपये व घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। व 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) भा0न्या0सं0 की बढोत्तरी गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 28.01.2025 को वादी मुकदमा किसी काम से जा रहा था कि रास्ते में अभियुक्तगण द्वारा वादी मुकदमा से 32240 रुपये लूट लेने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1. आकाश गुप्ता पुत्र रामचन्द्र गुप्ता निवासी कबिलाशपुर, थाना सिकरीगंज, जनपद गोरखपुर

2. बबलू कुमार पुत्र ध्रुप कुमार निवासी मोहिद्दीनपुर तक्कथा पोस्ट पाली थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर

3. 01 बाल अपचारी

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 11/2025 धारा 61(2), 309(6),317(2) भा0न्या0सं0 थाना उरुवा बाजार जनपद गोरखपुर

बरामदगी-

लूट का 6320 रुपया व घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल

गिरफ्तारी की टीम-

1. थानाध्यक्ष विकास नाथ थाना उरुवा बाजार जनपद गोरखपुर
2. प्र0उ0नि0 दीपेन्द्र नाथ त्रिवेदी थाना उरुवा बाजार जनपद गोरखपुर
3. कां शान्तनु तिवारी थाना उरुवा बाजार जनपद गोरखपुर
4. कां प्रदीप जायसवाल थाना उरुवा बाजार जनपद गोरखपुर
5. कां नन्दन सिंह थाना उरुवा बाजार जनपद गोरखपुर
6. कां अग्निवेश कुमार थाना उरुवा बाजार जनपद गोरखपुर
7. कां रामनरायण शुक्ल थाना उरुवा बाजार जनपद गोरखपुर
8. म0 कां अमीषा सिंह थाना उरुवा बाजार जनपद गोरखपुर